


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 117 | ग्वालियर,7 जनवरी रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



# व्यापार मेला सचिव निरंजन श्रीवास्तव ने अगर जल्द नहीं कि पत्रकारों के पार्किंग की अल्टरनेट व्यवस्था मुख्यमंत्री को करेंगे शिकायत मेले में हो अनिमिताओं की जांच -- रविंद्र सिंह पवैया

## सचिव मेला विकास प्राधिकरण ग्वालियर निरंजन श्रीवास्तव की सुस्ती के कारण मेले में अनियमिताओं का है अंबार

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान
रविद्र सिंह पवैया
9644811407




**ग्वालियर-** व्यापार मेले में लगातार कमियां देखने को मिल रही हैं हम आपको बता दें कि दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र से बातचीत में मेला प्रकाश प्राधिकरण के सचिव निरंजन श्रीवास्तव ने बताया कि पत्रकारों की पार्किंग के मामले में हमने पार्किंग की जो जगह कम थी उसकी सफाई कर कर जगह को बढ़ा दिया गया है और मैं अभी बाहर हूं पहुंचते ही उसका जल्द जायजा कर पत्रकारों की समस्या का समाधान करने की कोशिश करूंगा रविवार के दिन के लिए हम लोगों ने एक अल्टरनेट व्यवस्था की है वीआईपी कर पार्किंग में पत्रकार अपनी कर पार्क कर सकते हैं शर्त है रहेगी कि पत्रकार को अपना आईडी कार्ड दिखाना होगा जिससे वहां संबंधित कर्मचारी परिचय पत्र दिखाने पर पत्रकार के वाहन को पार्क निशुल्क करने में सहयोग प्रदान करेगा केसरिया हिंदुस्तान की टीम से जब कहा कि क्या पत्रकारों की व्यवस्था के लिए आपको बिल्कुल भी जरा भी एहसास नहीं हुआ कि देश के चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार जो की दिन-रात एक कर मेहनत करते हैं पर आपकी खबरों को दिखाने में आपका भरपूर सहयोग करते हैं मेला प्राधिकरण में लाखों कर्मियों के बावजूद भी आपके मेला में चल रही गतिविधियों को टॉप पर दिखा रहे पत्रकार। फिर भी आपको शर्म नहीं आई कि आप उन पत्रकारों की व्यवस्था को सुखम और सुखद बना सके इस बात पर मेला सचिव के पद पर बैठे मेला प्राधिकरण के सचिव जब उन्हें मलाई खाने को मिल रही है तो देखना है यह होगा कि भ्रष्टाचार में लिप्त मेला प्राधिकरण के सचिव के द्वारा यह कृत किया जा रहा है जो की पत्रकारिता जगत इसकी घोर निंदा करता है हम इस बात को इसलिए कह रहे हैं कि मेला सचिव के संज्ञान में होने के बावजूद भी सिर्फ इस पार्किंग की सफाई कर दी गई जबकि बेला विकास प्राधिकरण को सिर्फ बोर्ड उठाकर दूसरी टीन सेट पर लगाना था यह काम करने में मेला विकास प्राधिकरण को क्या समस्या हो रही है ऐसा लगता है पत्रकार के लिए

केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र हमेशा खड़ा है और खड़ा रहेगा हम आपको बता दें कि लगातार केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र के संपादक रविंद्र सिंह पवैया के द्वारा इस खबर को प्रकाशन किया जा रहा है और अगर यह मामला 2 दिन में नहीं सुलझता है तो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री संभागीय कमिश्नर को पत्र लेख मेरा विकास प्राधिकरण के सचिव की शिकायत पत्रकार हितों के लिए की जाएगी मेला में चल रही दुकानों पर नहीं है अग्निशमन की व्यवस्था ना ही मेला में पर्याप्त शौचालय टॉयलेट जैसी कई अनिमियता है अगर उन्होंने अनियमिताओं की जांच वरिष्ठ अधिकारी करें तो मेला सचिव के घेरे में है आखिर इनको पार्किंग से कितना पैसा मिल रहा है कार पार्किंग ?50 एक बहुत बड़ा अमाउंट है देखते हैं इस पर क्या कहते हैं मेला प्रबंधन आगे की गतिविधियों के लिए




**अगले अंक में फिर हम आपके साथ**

## सरकारी राशि हड़पने के लिए जिंदा लोगों के बना दिए मृत्यु प्रमाण पत्र, जांच में हुई पुष्टि



### सीईओ जिला पंचायत के निर्देश पर जांच दल का गठन

### ग्राम पंचायत किठौंदा का मामला

भितरवार अंत्येष्टि राशि के 5000 और अनुग्रह सहायता राशि के मिलते हैं ड़200000 इस राशि को हड़पने के लिए बनाए गए पांचों लोगों की मृत्यु प्रमाण पत्र 7जांच के दौरान एक जीवित व्यक्ति ख्यालीराम जाटव का और निकला मृत्यु प्रमाण पत्र, पहले से चार अलग हैं.पांच जिंदा लोगों के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के मामले में जांच दल पूरी कर ली है, शासकीय राशि हड़पने के लिए पांच जिंदा लोगों की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए गए थे 7 जिनमें से तीन लोगों के (संबल) अनुग्रह सहायता राशि दो दो लाख रुपए स्वीकृत हुए थे उन सभी प्रकरणों को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है

**लक्ष्मी नारायण पिप्पल**
**सीईओ जनपद पंचायत भितरवार।**

### जिले के विकास के लिये कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से की चर्चा

## सांसद, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान- समाचार पत्र**

ग्वालियर - शहर विकास में सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग और मार्गदर्शन जरूरी है। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने शनिवार को जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर शहर विकास पर विस्तार से चर्चा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, विधायक ग्वालियर पूर्व डॉ. सतीश सिकरवार तथा डबरा विधायक श्री सुरेश राजे के साथ बैठकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिले के विकास के लिये चल रहे विकास कार्यों के साथ-साथ शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिये भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि शहर विकास के लिए जो महत्वपूर्ण सुझाव हैं उन्हें बताएँ ताकि जिला स्तर से और शासन स्तर



से उनकी स्वीकृति और उनके क्रियान्वयन पर कार्य किया जा सके। यातायात, अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और शहरी विकास के लिये जनप्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने अपने संसदीय क्षेत्र में विकास की विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना के साथ-साथ बेहतर सड़कों के लिये भी कार्य किया जाना चाहिए। इसके लिये कार्ययोजना तैयार कर शासन स्तर से स्वीकृति हेतु भेजा जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह ने ग्रामीण विकास के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार ने नगरीय क्षेत्र में लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधायें मिलें, इसके लिये योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ शहर के सभी वार्डों में अधोसंरचना के काम को प्राथमिकता से करने की बात कही। विधायक ग्वालियर पूर्व डॉ. सतीश सिकरवार ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि शहर के उद्यानों, श्मशानों और कब्रिस्तानों के उन्नयन और विकास के लिये परियोजना तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जाना उचित होगा। इसके साथ ही हॉकर्स जोनों का निर्माण और विकास की बड़ी परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से किया जाना चाहिए। विधायक डबरा श्री सुरेश राजे ने डबरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं की ओर ध्यान इंगित किया। इसके साथ ही डबरा में सड़कों के संधारण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता से करने की बात कही। कलेक्टर सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जिले के विकास के लिये जो महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं उन पर गंभीरता से कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही शहर विकास के लिये निरंतर निरीक्षण कर और बेहतर कार्य करने की दिशा में भी सार्थक पहल की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग और मार्गदर्शन भी मिलता रहे। इसके लिये भी निरंतर प्रयास किए जायेंगे।

## मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिये स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान- समाचार पत्र**

**ग्वालियर** - मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिये विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत 6 से 22 जनवरी तक कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने शनिवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेंडिंग कमेटी में जनप्रतिनिधियों को यह जानकारी दी। बैठक में विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि के साथ ही एडीएम टी एन सिंह एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एल के पाण्डेय उपस्थित थे। कलेक्टर श्री संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिये आवेदन करेंगे। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे अपने-अपने प्रतिनिधियों को भी इस काम में सहयोग हेतु प्रेरित करें।

## जिस दिन आप अपने माता-पिता को धोखा देते हैं उसी दिन आपका जमीर मर जाता है बस शरीर जिन्दा रहता है शास्त्री जी

**दैनिक कैसरिया हिंदुस्तान- समाचार पत्र**

**ग्वालियर** पारदी मोहल्ला बालाजी दरबार शिंदे की छावनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन बताया कि ये दुनिया का अकाट्य सत्य है कि जो इस धरती पर आया है उसे एक दिन मरना है। ये सत्य जानने के बाद भी जो मनुष्य अपने कल्याण के बारे में नहीं सोचता उससे ब?ा मूर्ख कोई नहीं धर्म वो नहीं है जिसे तुम्हारी बुद्धि मानती है, धर्म वो है जिसे वेद स्वीकार करते हैं एक 10 रुपए का सिम खरीदते समय हम प्लानिंग करते हैं कि किस कंपनी का सिम खरीदें, लेकिन



जिंदगी कैसे जीनी चाहिए हम इसकी प्लानिंग नहीं करते हैं आगे सुप्रसिद्ध भागवताचार्य जी ने बताया कि जिस दिन आप अपने माता-पिता को धोखा देते हैं उसी दिन आपका जमीर मर जाता है बस शरीर जिन्दा रहता है सच्चे मन से की गयी प्रार्थना कभी विष्फल नहीं होती। सब की पॉवर व्यर्थ हो जाती है लेकिन प्रार्थना की पॉवर कभी व्यर्थ नहीं होती है मनुष्य को हमेशा निःस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए और मनुष्य को हमेशा ऐसे दान करना चाहिए कि एक हाथ से दान दो तो दूसरे हाथ को पता भी न चले आगे महाराज जी ने गोवर्धन की पूजा का वर्णन किया आज भागवत कथा में दो गरीब कन्याओं का विवाह भी होगा शाम को 4ः00 बजे राम मंदिर से बारात निकाली जाएगी

## राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन का वार्षिक अधिवेशन आज होगा आयोजित

**अशोक सोनी- दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार पत्र**

**ग्वालियर**-राष्ट्रीयमानव अधिकार सेवा संगठन भारत नई दिल्ली का दी गई की राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन का 15 वा अधिवेशन 7 /1/2024 रविवार को ब्रज वाटिका धर्मवीर पेट्रोल



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 व राष्ट्रीय अधिवेशन ग्वालियर में होना सुनिश्चित किया गया है इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन के पदाधिकारी के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी पंप के पास पिंटू पार्क गोले के मंदिर ग्वालियर में आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परम संत कृपाल सिंह महाराज जी ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर एवं गुना सांसद कृष्णपाल सिंह यादव आईपीएस संजय कुमार झा एवं जी अतिथियो के रूप में उपस्थित रहेंगे पदाधिकारीओ द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि आज हमारे देश में महंगाई ने कमर तोड़ रखी है आए दिन नए-नए कानून लायें जा रहे हैं जिससे गरीब आदमियों के अधिकारों का हनन हो रहा है हमारी संस्था राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन भारत नई दिल्ली जो हमेशा गरीब तबके की आवाज उठाती आ रही है वह अधिवेशन 7 तारीख को आयोजन हो रहा है इसमें मध्य प्रदेश के सभी जिलों से कम से कम 500 पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे एवं कार्यक्रम को सफल बनाएंगे संगठन के पदाधिकारी के द्वारा सभी सदस्यों से विशेष आग्रह किया है कि आगामी दिन में होने वाले अधिवेशन में उपस्थित होकर अधिवेशन को सफल बनाएं पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से मुन्नी लाल शर्मा अध्यक्ष मानव अधिकार एडवोकेट अशोक शर्मा उपाध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा प्रमुख सचिव रमेश शर्मा कोपरेटिव सोसाइटी डॉक्टर देसिक्कार सिंह विजय सिंह (संभागीय अध्यक्ष) बच्चन लाल शर्मा धीरज शर्मा नीरज शर्मा आदि संगठन के सदस्य उपस्थित रहे

## गरीब एवं पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान :उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

### उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम ढिकनिया एवं बाबूखेड़ा में शामिल हुए

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

भोपाल उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र ग्राम ढिकनिया एवं बाबूखेडा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान दोनों गांव में आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर लगाए गए। शिविर का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ प्रारंभ किया। शिविर के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि



गरीब एवं पात्र व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाना तीर्थ यात्रा करवाने के समान है। हर कमजोर व्यक्ति का ध्यान सरकार रखती है। उसकी हर संभव सरकार मदद कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश का विचार किया है, हर परिवार को शुद्ध पानी मिले । इसके लिए जल जीवन मिशन बनाया गया। इस मिशन से घर-घर में नल से पानी मिलेगा। आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। जिससे बीमार व्यक्ति कहीं पर भी अपना फ्री

## सांसद ने अपने जन्म दिवस पर सुख समृद्धि शांति और सद्भावना की महादेव वनखंडेश्वर से की प्रार्थना



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय ने अपने जन्म दिवस पर शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल गौरी सरोवर के किनारे स्थापित वानखंडेश्वर मंदिर पर पहुंचकर उन्होंने अभिषेक करते हुए भगवान शंकर भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर शांति के सद्भावना सुख और शांति समृद्धि की भोलेनाथ से कामना की। उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अल्प प्रवास पर सतना पहुंचे

## जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का शुक्रवार को दोपहर 2 बजे अल्प प्रवास पर सतना जिले में आगमन हुआ। मुख्यमंत्री रीवा में संभागीय समीक्षा बैठक और अन्य शासकीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भोपाल से वायुयान द्वारा खजुराहो विमानतल पहुंचे और खजुराहो से सड़क मार्ग द्वारा रीवा रवाना हुए। इस दौरान पन्ना, देवेंद्रनगर होते हुये सतना जिले की सीमा सुंदरा मोड़ पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, पूर्व विधायक ऊषा चौधरी, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक



आशुतोष गुप्ता, एसडीएम एपी द्विवेदी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ यादव का नागौद में जनपद कार्यालय के सामने विधायक नागौद नागेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसी प्रकार सतना बाईपास मोड़ में महापौर योगेश ताम्रकार, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, पूर्व पिछड़ा आयोग सदस्य लक्ष्मी यादव, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर और पुष्पमाला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव का काफिला रामपुर बघेलान पहुंचने पर विधायक विक्रम सिंह ने गजमाला से स्वागत किया और लड्डू-खुरचन से मुख्यमंत्री को तौला गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विधायक के आवास पर पूर्व राज्यमंत्री हर्ष प्रताप सिंह से भी भेंटकर उनकी कुशलक्षेम पूंछी। इसी प्रकार जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह ने रामपुर बघेलान में गजमाला पहनाकर ढोल-नगाड़े के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सतना जिले के प्रथम प्रवास पर गंगवरिया, बारापत्थर, मौहारी टोल प्लाजा, सितपुरा, रैगांव मोड़, सतना बाईपास, बेला सहित जगह-



जगह जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा पुष्पहार, गजमाला और ढोल-नगाड़ों के साथ पुरजोर आत्मीय स्वागत किया गया।

## सीरवी समाज कण्टालिया का स्नेह मिलन 7 जनवरी को हॉलिडे रेजिडेंन्सी रिसोर्ट में होगा स्नेह मिलन

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलूरू।** सीरवी समाज कण्टालिया बेंगलुरू कर्नाटक का 11 वाँ वार्षिक स्नेह समारोह दिनांक 7 जनवरी 2024 को तुमकुर रोड़ नलगला स्थित रेजिडेन्सी होलिडे रिसोर्ट में रखा गया है। संस्था के अध्यक्ष चोलाराम चोयल ने बताया कि परिवारों में आपसी समन्वय बढ़ाने ,जुड़ाव को मजबूती देने तथा आपसी नेटवर्किंग का विस्तार करने के उद्धेश्य से स्नेह मिलन प्रतिवर्ष की भाती इस वर्ष भी धूम-धाम से बनाया जाएगा। संस्था के सचिव नेमाराम चोयल ने कहा कि प्रात-7 बजे से 9 बजे तक आईमाताजी की आरती एवं पूजा अर्चना के बाद आम सभा का आयोजन होगा। उन्होंने बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता संगीत जेसे अनेक कार्यक्रम होगे। स्नेह मिलन समारोह में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रविवार को सभी को प्रतिष्ठान को अवकाश रखें एवं समय पर सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए आह्वान किया।

## ग्राम सदका तहसील भांडेर में होगा सामूहिक कन्या आदर्श विवाह सम्मेलन एवं भागवत कथा का आयोजन ग्रामवासी एवं क्षेत्र वासियों की बैठक हुई संपन्न

उप संपादक महेंद्र शर्मा



आज ग्राम सदका में श्री मद भागवत कथा एवं सामूहिक आदर्श कन्या विवाह सम्मेलन के लिए बैठक हुई जिसमे दिनांक 1 मई 2024को कलश यात्रा और 8 मई2024को पूर्ण आहुति एवं 9 मई2024 को भण्डारा एवं विवाह सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें कथा ब्यास देवी उष्मा किशोरी जी श्री धाम वृन्दावन को नारियल सौंपा गया और सम्मेलन आयोजक कालीचरण विश्वकर्मा अध्यक्ष सदका एवं श्रीमद भागवत कथा के आयोजक श्री पर्वत दास बाबा पुजारी प्रेतबाबा मन्दिर पुरा सदका को चुना गया बैठक में उपस्थित हुए चतुर सिंह कुशवाहा वहादुरपुर बृजेश शाक्य वहादुरपुरा आशाराम कुशवाहा वहादुरपुरा कल्याण सिंह पाल पुरा रामकुमार कुशवाहा वर्मा जी धनोटी अशोक कुमार पाल पुरा एवं समस्त क्षेत्रवासियों की सहमति प्राप्त हुई

## उपविजेता टीम जीड़ीमेटला खिलाडियों का अभिनंदन



दैनिक पुष्पाजंली टुडे

**हैदराबाद** । सीरवी नवयुवक मंडल नालासोपारा व आईमाता स्पोर्ट्स क्लब नालासोपारा के तत्वाधान में अखिल भारतीय सीरवी समाज शूटिंग वालीबॉल प्रतियोगिता महाकुंभ का दो दिवसीय आयोजन हुआ हुआ। जिसमें देश के अनेक राज्यों की कुल 56 टीमों ने भाग लिया। इस महाकुम्भ में हैदराबाद जीड़ीमेटला टीम उपविजेता रही। उसके उपरांत में सीरवी समाज जीड़ीमेटला वडेर में खिलाड़ियो का स्वागत समारोह रखा गया। इस समारोह में सीरवी समाज जीड़ीमेटला वडेर के अध्यक्ष मांगीलाल काग, सचिव नारायणलाल बर्फा, केराराम सिन्दडा, प्रेम पंवार एवं जीड़ीमेटला टीम के कप्तान सोहनलाल गेहलोत ने खिलाड़ियों का उत्साह से माला पहनाकर स्वागत किय

## शेठ एम.एन हाईस्कूल के छात्र भव्य और अंशुल की टीम ने राष्ट्रीय स्तर के गणित महोत्सव भटापरा (छत्तीसगढ़) में रजत पदक जीता

### राष्ट्रीय स्तर के गणित महोत्सव में शेठ एम.एन हाईस्कूल के बच्चों का दबदबा,शेठ एम.एन हाईस्कूल, पाटन के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर पर अनूठी उपलब्धि







ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे

पाटन/गुजरात। ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब द्वारा आयोजित 17वां राष्ट्रीय गणित महोत्सव 30 और 31 दिसंबर 2023 को दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भटापरा (छत्तीसगढ़) में आयोजित किया गया था। इस राष्ट्रीय स्तर के गणित महोत्सव में 25 राज्यों, 10 इसरो वैज्ञानिकों और 350 छात्रों ने भाग लिया। इस गणित सम्मेलन में गणित मॉडल, गणित पहेलियां, शिक्षक नवाचार प्रस्तुतिकरण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उत्तर गुजरात युवक मंडल, शेठ एमएन हाईस्कूल, पाटन के छात्र पटेल भव्य हर्षिदकुमार और पटेल अंशुल जिग्नेशकुमार ने

ज़राष्ट्रीय स्तर पर 25 राज्यों, 10 इसरो वैज्ञानिकों और 350 छात्रों की मौजूदगी में शेठ एम.एन हाईस्कूल के भव्य और अंशुल ने गणित पजल(पहेली)में रजत पदक जीते

स्कूल शिक्षक श्री डॉ अल्पेशकुमार एस पटेल के मार्गदर्शन में गणित (पजल्स)पहेली अनुभाग में भाग लिया।जिसमें हमारे विद्यालय की टीम शेठ एम.एन हाईस्कूल के इन दोनों छात्रों पटेल भव्य और पटेल अंशुल ने पूरे भारत में दूसरा नंबर प्राप्त किया है और सिल्वर मेडल प्राप्त किया हैपटेल भव्य और पटेल अंशुल को ऑल इंडिया रामानुजन मैथ्स क्लब के अध्यक्ष चंद्रमोली जोशी, इंजीनियर श्री बी.एन.राव द्वारा आमंत्रित किया गया था। (भारत के गणित गुरु), डॉ. राजेश कुमार ठाकुर (भारत के महान गणितज्ञ, दिल्ली) श्री सुनील वानखेड़े (राष्टीय अध्यक्ष, हर घर बाल कलाम वैज्ञानिक), इंजीनियर दिलीप भट्ट (पूर्व वैज्ञानिक, इसरो), ब्रिगेडियर एमएन कडापट्टी (भारतीय गणितज्ञ, कर्नाटक) और डॉ. जे.जे. रावल (भारतीय वरिष्ठ वैज्ञानिक, मुम्बई) की उपस्थिति में इन बच्चों के साथ-साथ गुरु शिक्षक भाई श्री डॉ. अल्पेश भाई पटेल को शील्ड, सिल्वर मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गयायह सम्मान हमारे विद्यालय, शेठ एम.एन हाईस्कूल के लिए एक अनूठी उपलब्धि है... संचालक मण्डल के साथ-साथ पूरा विद्यालय परिवार इन दोनों छात्रों के लिए खुशी और गर्व की भावना महसूस करता है... स्कूल के दोनों बेटे भव्य, अंशुल और मार्गदर्शक शिक्षक भाई श्री डॉ अल्पेशभाई पटेल ने परिवार, विद्यालय और पूरे पाटन जिले को गौरवान्वित किया है। उत्तर गुजरात युवक मंडल के माननीय अध्यक्ष श्री डॉ.जे.के पटेल, माननीय मंत्री श्री मनसुखभाई पटेल, संचालक मण्डल निकाय के सभी सदस्य, विद्यालय के उत्साही प्राचार्य श्री धनराज भाई ठक्कर एवं समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी एवं निरंतर प्रगति की कामना की....

## गाँव गाँव पहुँची विकसित भारत संकल्प यात्रा

सिरोंज
अभिषेक कुशवाह



ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों से संवाद स्थापित कर देश के प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसी के तहत शुक्रवार को यह विकसित भारत संकल्प यात्रा सिरोंज विधानसभा के देवपुर मंडल के आधा दर्जन ग्राम पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँची। प्रशासन स्तर पर आयोजित यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा संगठन के नेतागण शामिल हुए। ग्राम पंचायत भौरा में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी ने ग्रामीण नागरिको को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया । इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल ने कहा कि क्षेत्र के लोकप्रिय बिधायक उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में यह विकसित भारत संकल्प यात्रा गाँव गाँव मे निकाली जा रही है। क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए संकल्पित विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से प्रत्येक पंचायत के समग्र विकास के लिए प्रयास किये जा रहे है। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत भौंरा, प्यासी, भिंयाखेड़ी, सरेखो भी पहुंची प्रत्येक स्थान पर आयोजित आयोजन में जनप्रतिनिधियों ने केंद्र व राज्य सरकार के हितग्राहियों से संबाद किया एवं प्रमाण -पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दरयाव सिंह जी कुर्मी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह जी दांगी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री हमीर सिंह जी यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री फूल सिंह जी दांगी,पूर्व जनपद अध्यक्ष संजीव माथुर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्री भैंरौ सिंह जी कुर्मी, मंडल उपाध्यक्ष श्री माखन सिंह जी गुर्जर श्री , नवांकुर संस्था प्रतिनिधि रामचरण जी कुर्मी भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री मोहन सिंह जी धाकड़, महामंत्री श्री भागीरथ जी कुर्मी, सेक्टर प्रभारी श्री संतोष जी दांगी , श्री संजीव जी शर्मा, श्री सुनील जी शर्मा, श्री प्रहलाद सिंह जी दांगी, श्री राजेन्द्र सिंह जी दांगी, श्री अरविंद जी दांगी श्री अमित जी शर्मा, श्री दिनेश जी शर्मा,मौजूद रहे!


## आईजी क्रिकेट प्रतियोगिता लीग सीजन 11 एसीएल का हुआ आगाज



दैनिक पुष्पाजंली टुडे

पुणे। सिरवी स्पोर्ट्स असोसेसियान पुणे द्वारा आयोजित आईजी क्रिकेट लीग प्रतियोगिता सीजन -11 एसीएल. का शुभारम्भ दिनांक 2 जनवरी 2024 को किया गया। ये प्रतियोगिता पिछले 10 वर्षो से निरंतर आयोजित की जा रही है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ बड़े धूम धाम से किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने भाग लिया । ये प्रतियोगिता दिनांक 2 जनवरी से 21 जनवरी 2024 के बिच खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चंदाराम भायल अध्यक्ष कासरवाड़ी वडेर पुणे ने दीपप्रज्वलित कर किया गया। इस शुभ अवसर पर मोहनलाल आगलेचा अध्यक्ष प्राधिकरण वडेर पुणे, दिनेश सिरवी ( सिवास ) अध्यक्ष अखिल भारतीय सिरवी समाज महाराष्ट्र प्रांत, रामलाल काग महासचिव अखिल सिरवी समाज महाराष्ट्र प्रांत, मोहनलाल काग सचिव अखिल भारतीय युवा सिरवी समाज महाराष्ट्र प्रांत, तेजाराम सिरवी पूर्व अध्यक्ष प्राधिकरण वडेर पुणे, जगाराम सोलंकी, पोमाराम परिहारिया, रामलाल सोलंकी, रामलाल लचेटा ( लक्की ट्रेडर्स पिम्परी ) पुखराज लचेटा सहसचिव कासरवाड़ी वडेर पुणे, उमेश गेहलोत अध्यक्ष अखिल व्यापारी आघाडी संघ पुणे इत्यादि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का मेगा फाइनल मैच दिनांक 21 जनवरी 2024 को होने जा रहा है।

## प्रदेश और शहर का नाम रोशन कर सूरत से आये हिमांशु भदोरिया




दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर

**मालनपुर**/मालनपुर क्षेत्र के खुमान के पूरा गांव में रहने वाले अवधेश उर्फ गोलू भदौरिया के पुत्र हिमांशु भदौरिया नहीं मालनपुर कस्बे के साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन किया है वह साथ-साथ प्रदेश का नाम रोशन कर सूरत से लौटे हैं उन्होंने एंडिया टॉप मॉडल मिस्टर एमपी पुयूपल चोयस अवार्ड का खिताब जीता और शो मैं अपना जलवा दिखाया सो के आयोजक आकाश मित्तल हैं ये शो अग्रवाल प्रोडक्शन हाउस के द्वार परस्तुत किया गया था जो एक टीवी शो है जिस शो में हिमांशु भदोरिया ने जीत कर मालनपुर कस्बे के साथ-साथ पूरे प्रदेश का का नाम रोशन किया इसी खुशी में ग्वालियर मालनपुर से होते हुये भिंड तक उनका खूब धूम धाम से भव्य स्वागत किया गोलू भदोरिया ने बताया कि हमने मेहनत कर एवं हरिराम कुईया पर एक दुकान खोलकर बच्चों को पढ़ाया और इस लायक तैयार किया आज हमें बड़ा गर्व है इस मोके पर हिमांशु भदौरिया रिया को बधाई और शुभकामनयें दी और आशीर्वाद दिया सचिन राजपूत जिला उपाध्यक्ष भिंड राष्टीय गौरक्षक संघ भिंड मध्य प्रदेश, विजय राजपूत,अंकित चौहान, अर्जुन भदौरिया,भोलू भदोरिया,अरुण भदौरिया,आकाश भदौरिया ,अभिशेक भदौरिया ,विकास भदौरिया,शिवम भदौरिया इत्यादि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सांसद चौधरी, बोले - प्रधानमंत्री ने हर गारंटी को किया पूरा, 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनकर रहेगा

दैनिक पुष्पाजंली टुडे



**जोधपुर।** पाली सांसद और पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने शनिवार को औसियां में ग्राम पंचायत भैंसेर चावण्डिाली और भैंसेर कोतवाली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जाति की राजनीति करने वालों को साफ संदेश दिया है कि उनके लिए केवल चार जातियां है। गरीब, नौजवान, किसान और महिला। मोदी सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ इनको मिल रहा है और देश तरक्की की राह पर चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हर गारंटी को पूरा किया है। उनकी गारंटी है कि देश 2047 तक हमारा भारत विकसित राष्ट्र बनकर रहेगा। यह यात्रा भारत के नवनिर्माण की क्रांति- सांसद चौधरी ने लाभार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण भारत का जीवन अनेक जटिल वास्तविकताओं से गुजरता है, इस कारण योजनाओं का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। इसी को मूल में रखते हुए इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य मोदी सरकार का आखिरी छोर तक पहुंचना रहा। इस यात्रा के द्वारा हर वर्ग के उत्थान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करना भी रहा, जिससे वे लाभान्वित हो सके। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 15 नवंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत हुई है। इतने कम समय में यात्रा से 10 करोड़ लोगों का जुड़ना अपने आप में असाधारण विश्वास की यह 10 करोड़ संख्या आगे बड़ती रहेगी। जनकल्याणकारी योजनाओं से भारतवासियों को जोड़ती रहेगी और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देती रहेगी, क्योंकि मोदी है तो मुमकिन है। सांसद चौधरी ने कहा कि यात्रा को मिला व्यापक समर्थन विकसित भारत के निर्माण के प्रति नागरिकों के दृड़ समर्पण को दर्शाता है। इस यात्रा ने कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और लोगों को इनका सीधा लाभ देना सुनिश्चित कर, भारत की विशालता में उत्साह और आशा की एक ज्वाला पैदा की है। सांसद चौधरी ने इस दौरान उपस्थित हर विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक संख्या में हर योजना से ग्रामीणों को जोड़ने हेतु निर्देश दिए। सांसद चौधरी के अलावा इन कार्यक्रमों में पूर्व कैबिनेट मंत्री शंभूसिंह खेतासर, जिलाध्यक्ष जगराम विश्नोई, प्रधान नीलम भाटिया, उप प्रधान खेमाराम बाना, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रतापसिंह भेड़, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश तापू, सरपंच भीखी देवी, सरपंच सत्यनारायण, रूपाराम सियोल, जेठाराम, मण्डल अध्यक्ष मदन देवड़ा, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष धनराज धतरवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैयालाल राठी, भगवानसिंह सुरपुरा, जिला उपाध्यक्ष लिखमाराम सियोल, चक्रवती सिंह, प्रमोद डागा, भूराराम भाटिया, जयपालसिंह सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' ग्राम पंचायत धनसुला में पहुंची,

अम्बाह । अम्बाह विकासखंड के ग्राम पंचायत धनसुला में गुरुवार को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' पहुंची। जिसमे मुख्य रूप से उपस्थित जनपद अध्यक्ष कुमारी मधुरिमा तोमर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बाह श्रीमती सुमन चक चौहान की उपस्थिति में ग्राम पंचायत धनसुला में आयोजन हुआ जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में समस्त विभागीय अधिकारियों के द्वारा विस्तार से बताया गया,भारतीय रिज़र्व बैंक की परियोजना मनीवाइज वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के तहत,थरा बैंक मेनेजर रामू सिंह बैंस जी की निगरानी में मनीवाइज वित्तीय साक्षरता केंद्र प्रभारी अम्बाह से पवन किरार जी के द्वारा प्रधानमंत्री जी के द्वारा चलाई जा रही केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी समस्त योजनाओं की जानकारी विस्तार से ग्रामीणजनों को दी गई। जिसमे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना(पीएमएसबीवाई) जिसकी राशि 20 रुपया है जिसमे दो लाख तक का जीवन बीमा व्यक्ति की दुर्घटना होने पर या दुर्घटना में दोनो पर या दोनो हाथ खो देता है तब उसे इस बीमा का लाभ मिल जाता है, साथ ही साथ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेवाई) जिसकी राशि 436 रुपया है, जिसमे दो लाख तक का जीवन बीमा किसी भी व्यक्ति की सामान्य मृत्यु होने पर उन्हें दो लाख रूपये तक का बीमा मिल जाता है, इसी के साथ अटल पेंशन योजना (एपीबाई) जिसमे कम से कम निवेश करे बुड़ापे में अधिक से अधिक लाभ पाए के उद्देश्य से ब्रद्धा पेंशन के रूप में प्रत्येक व्यक्ति को 1000 हजार से लेकर 5000 हजार रुपया पेंशन के रूप में सरकार के माध्यम से मिल जाता है, एवं इसी के साथ सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) जिसमे अपनी बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जिन बच्चियों की उम्र 1 से 10 वर्ष तक की है उनका खाता किसी भी नजदीकी बैंक या पोस्ट ऑफिस में जाकर खुलवाया जा सकता है। जिसमे अपनी बच्चियों के लिए थोड़ा थोड़ा बचत करके सबसे कम 250 रूपया से लेकर 150000 डेढ़ लाख रुपया प्रति वर्ष बचत करे और सभी योजनाओं से अधिक ब्याज पाए,छोटी से छोटी राशि की बच्चत करके अपनी बच्चियों का उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित करे। बैंकिंग धोखाधड़ी आदि के बारे में विस्तार से बताया गया कि कभी किसी अजान को अंगूठा न लगाए फर्जी लिंक पर क्लिक न करे एवं बैंक खाते में अपना नॉमिनेशन यानी अपना उत्तराधिकारी ज़रूर दर्ज करवाए एवं बैंक खाते में मोबाईल नंबर अपडेट करवाना न भूले जिससे बैंक की हर जानकारी आपको आसानी से मिल सके।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा के आउट सोर्सेज कर्मचारियो के द्वारा कार्य बन्द किये जाने से चारो ओर गंदगी का आलम,व्यवस्था हुई बेपटरीजवा बीएमओ ने दी जानकारी

## आउट सोर्सेज कर्मचारियो को कई महीनों से नही मिला था मानदेय





**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियो को कैपिटल इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड और नेशनल सिक्रोटी इंदौर के द्वारा विगत 3 माह से लेकर 20 माह तक का मानदेय नही देने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा के कुक, स्वीपर,एवं केयर टेकर के पद पर कार्यरत कर्मचारियो के द्वारा कार्य बंद किये जाने से चारो ओर गंदगी का आलम है केयर टेकर नही होने से मरीजो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा साथ ही कुक नही होंने से खाना तक नही बन पा रहा है जिस बजह से अनेक समस्याये पैदा हो गयी है इस संबंध में जब जवा बीएमओ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होनो बताया कि आउट सोर्सेज कर्मचारियों के कार्य बंद किये जाने से अनेक परेशानियां बढ़ गई है साफ सफाई नही होने से चारो ओर गंदगी है मरीजो को खाना नही मिल पा रहा है जिसकी जानकारी ष्टस्ल्राह्न रीवा को दी गयी है लेकिन समस्या का हल नही हो पा रहा है।

# जिला पंचायत में मनमानी और भ्रष्टाचार का आलम,स्थानीय रोजगार सहायक, बन रहे है पंचायत कार्य में बाधक




रीवा (पुष्पांजली टुडे)। एक दिन के प्रवास पर रीवा आ रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन के दौरे से प्रशासनिक कसावट और अन्य व्यवस्थाओं के सुधार की उम्मीद जताई जा रही है, अगर देखा जाए तो पूरे प्रदेश भर मे सबसे अधिक भ्रष्टाचार व मनमानी रीवा मे ही देखने को मिल रही है, खासकर सबसे बुरे हालात जिला पंचायत के है, जिसकी बजह से आम जनता परेशान है, और शासन की योजनाओं का समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है,, मुख्यमंत्री मोहन यादव के दौरे और संम्भागीय समीक्षा के बाद ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि जिला पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा की उदासीनता और मनमानी पर भी रोक लग सकेगी, इस बात की उम्मीद जताई जा रही है, साथ ही इनके खिलाफ जिले के कई पंचायत प्रतिनिधियों ने भी भ्रष्टाचार की जॉच कराए जाने की मांग उठाई है, पंचायत प्रतिनिधियों का आरोप है कि पंचायत के चुनाव हुए तकरीबन दो साल होने को आए लेकिन ग्राम पंचायतों का कार्य अभी भी ना के बराबर है, कई पंचायते तो ऐसी है जंहा शुरुआत ही नहीं हो पाई, जिसके चलते पंचायतो का कार्य प्रभावित है,और आम जनता परेशान है, यहां बिना कमीशन खोरी कोई काम होना मुस्किल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रीवा जिले मे सब कुछ फर्जी आकडे पर आधारित है, और सब कुछ फर्जी कागज मे तैयार कर शासन को भेज दिया जाता है। जब कि जमीनी हकीकत कुछ और ही वया कर रही है, ग्राम पंचायतो का चुनाव हुए बर्षो बीत गये परन्तु अभी तक पूर्व सरपंचो ने वर्तमान हरिजन आदिवासी व पिछडावर्ग के सरपंचो को प्रभार तक नही दिया है। और सरपंचो के डिजिटल संयुक्त हस्ताक्षर के दुष्परिणाम स्वरूप सचिव व रोजगार सहॉयक मनममानी तरीके से पैसा निकालकर दुरूपयोग कर रहे है, इस कार्य में जिम्मेदार अधिकारियों की भी मिली भगत है, इस मामले की विधिसम्मत जॉच होनी चाहिए, साथ ही डिजिटल सिग्नेचर की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिये।अधिकतर रोजगार सहॉयक स्थानिय व प्रभावशाली है इन्हे दूसरे पंचायत मे स्थानान्तरित किया जाना चाहिए। ताकि की मनमानी और भ्रष्टाचार पर रोक लग सके, यही हाल जन सुनवाई मे प्राप्त शिकायतो का भी है, जिसका निराकरण नही किया जाता। शिकायतों और प्राप्त आवेदनो को डस्टबीन मे फेक दिया जाता है। सीएम हेल्प लाइन की शिकायतो को फोर्स करके बन्द करवाया जाता है, जब कि शिकायतो का निराकरण समय पर नही कराया जाता। इसकी सबसे बड़ी बजह जिला पंचायत रीवा मे बर्षो से जमे कर्मचारी है, जिनके द्वारा भ्रष्टाचार का साम्राज्य खड़ा किया गया है, मुख्यमंत्री महोदय से इस दिशा मे ठोस कदम उठाए जाने चाहिए ताकि आम जनता राहत महसूस कर सके और शासन की मंशा फलीभूत हो सके,,

# नौबस्ता चौकी क्षेत्र के तिघरा नहर में मिला 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव क्षेत्र में पहली सनसनी



**रीवा (पुष्पांजली टुडे)**

जिले चोरहटा थाना क्षेत्र के नौबस्ता चौकी क्षेत्र के तिघरा नहर में मिला 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव, फिलहाल मृतिका का पता नहीं चल पा रहा है, पुलिस पूरे मामले की पताशाजी करने में जुटी हुई है, वही नौबस्ता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अंकिता मिश्रा ने कहा कि 45 वर्षीय अज्ञात महिला का शव नहर से बरामद हुआ है, फिलहाल मृतिका से संबंधित कोई भी जानकारी अभी तक नहीं लग पाई है, फिलहाल अगर किसी भी व्यक्ति को मृतिका से संबंधित किसी प्रकार की कोई जानकारी मिलती है, तो संबंधित थाना चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित कर जानकारी दें।

# रामभरोसे चल रहा मध्यान्ह भोजन, स्कूल में नही बन रहा खाना भूखे पेट घर लौट रहे छात्र




अनूपपुर /बच्चो को शिक्षा से जोडने़ के लिए सरकार ने मध्यान्ह भोजन को शामिल किया है। किन्तु यह व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गयी है ग्रामीण क्षेत्रो के विद्यालयों में कई-कई दिनों तक बच्चो को मध्यान्ह भोजन नही मिलता जिम्मेदार लोगो के ध्यान न देने के कारण स्वसहायता समूह भोजन व्यवस्था अपनी मर्जी से नियम विरुद्ध चला रहे है। जिससे शासन की जनहितकारी योजनाओं पर पानी फिर रहा है। सरकार का कहना है हमारे तरफ से मध्यान्ह भोजन की सामग्री भेजने में कोई भी लापरवाही नही बरती जा रही है तो फिर गड़बड़ी कहा से हो रही है इस मामले में सवालिया निशान लग रहा है गरीब बच्चों के मुंह से निवाला छीना जा रहा है। ऐसा क्यू हो रहा है जिम्मेदार ही बता सकते हैं जिले में सैकड़ो विद्यालय होंगे जहाँ मध्यान्ह भोजन नही बनता होगा लेकिन फिर भी यह व्यवस्था को देखने वाला कोई नही है केवल कागजो में सारी व्यवस्था चल रही है। ऐसा ही एक मामला जिला अनूपपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धुरवासिन के विद्यालय में कई दिनों से मध्यान्ह भोजन नहीं बन रहा है। इस विद्यालय की जिम्मेदारी दुर्गा स्व. सहायता समूहो को देने के बाद भी विद्यार्थी स्कूल से भूखे पेट लौट रहे हैं। दुर्गा स्व सहायता समूह के द्वारा कई दिनों से इस तरह की लापरवाही की जा रही है जिस कारण से विद्यालय में सही तरीक खाना नही बन पा रहा है। स्वसहायता समूह के लिए मीनू केवल दिखावा बनकर रह गया है सूत्र बताते हैं कि समूह के द्वारा घटिया खाना बच्चो को परोसा जाता है मीनू के अनुसार कभी भी खाना नही बना होगा इस विद्यालय में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र -छात्राएं अध्ययनरत है। समूह के इन लापरवाहियों के कारण बच्चों को अच्छा और भरपूर भोजन नहीं दे पा रहे हैं जिससे बच्चे भूखे पेट घर वापस चले जाते हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऊपर बैठे आल्हा अधिकारी सिर्फ कागज मात्रा में ही मध्यान भोजन का कार्य पूर्ण कर रहे हैं कभी कभी भोजन नही बन पाता जिस कारण से विद्यालय में पड़ने वाले बच्चो को भोजन नही मिल पाता।

# खरगोन पुलिस द्वारा ढाबो के पास अवैध शराब बेचने वालों के विरूद्ध बडी कार्यवाही, ढाबो पर खाना खाने वालों को बेची जाती थी शराब





खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

**कुल पांच प्रकरण में लगभग 85 लीटर अवैध देशी-विदेशी शराब जप्त।**

**जप्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग एक लाख रुपये।**

**पांच आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत की गई कार्यवाही।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा अवैध शराब बिक्री, निर्माण एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे किसी चौकी जैतापुर थाना मेनगांव पुलिस टीम द्वारा ढाबो के पास अवैध विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है **घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 05.1.24 को चौकी जैतापुर थाना मेनगांव पर मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि, देर रात्रि में खंडवा रोड एवं सनावद रोड स्थित ढाबो के पास अवैध रूप से देशी-अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही कतरे हुए एसडीओपी खरगोन श्री रोहित लखारे जी के नेतृत्व में चौकी जैतापुर पुलिस टीम द्वारा खंडवा रोड एवं सनावद रोड स्थित ढाबे क्रमशः 1. मधुबन ढाबा खंडवा रोड 2. वंश ढाबा खंडवा रोड 3. शैलू दा ढाबा खंडवा रोड 4. हवेली ढाबा सनावद रोड 5. महागुरु ढाबा सनावद रोड के पास पृथक-पृथक दबिश दी गई जहाँ उपरोक्त ढाबो के पास अवैध रूप से देशी -अंग्रेजी शराब बेची जा रही थी। उक्त कार्यवाही में पांच आरोपियों से लगभग कुल 85 लीटर अवैध देशी-अंग्रेजी शराब जिसकी अनुमानित कीमत 100000/- रुपये की जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिए गये।

**आरोपियों के नाम**

1. जगदीश पिता राधेश्याम चौहान निवासी बजरंग नगर खरगोन
2. कुणाल पिता महेंद्र गोस्वामी निवासी खरगोन
3. बादल पिता मौजीलाल चौहान निवासी बड़गांव
4. संदीप पिता राजाराम सोलंकी निवासी माली मोहल्ला जैतापुर
5. कैलाश पिता मांगीलाल यादव निवासी प्रेमनगर

**पुलिस टीम**

उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग खरगोन श्री रोहित लखारे एवं थाना प्रभारी मेनगांव निरीक्षक श्री दिनेश सोलंकी के मार्गदर्शन मे चौकी प्रभारी जैतापुर उप निरीक्षक सुदर्शन कुमार, सउनि पवन अचारे, सउनि अनिल तिवारी ,सउनि रेखा भरलाये, प्रधान आरक्षक कालूसिंह, प्रआर विकास, आरक्षक प्रशांत आरक्षक अमित, आरक्षक आदि का विशेष योगदान रहा ।

# बम्हारी कुरोल की सीमा अधिकार क्षेत्र का पुनर्निर्धारण किए जाने हेतु जिला दंडाधिकारी व पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के माध्यम से प्रस्ताव पत्र भेजा

**हरिओम चतुर्वेदी। ब्यूरो चीफ दिनारा,।**मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्थानीय मार्ग एवं पुलिस विभाग आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न जिलों में नए थानों का सृजन किया गया है परंतु अधिकांश थानों के सृजन उपरांत स्थानीय आबादी भौतिक संरचना एवं अपराधों के पर दृश्य में काफी बदलाव आने के उपरांत भी स्थान की सीमाओं का पूनर्निर्धारण नहीं हुआ है थाना दिनारा क्षेत्र के ग्राम बम्हारी व ग्राम कुरोल के अंतर्गत पड़ने वाले ग्रामीण इलाकों के लोगो को थाने में पहुंचने थाने की पुलिस को थाने में पहुंचने की अपेक्षा से अधिक समय लगता है व थाना दिनारा जिला शिवपुरी अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्हारी थाना दिनारा थाना दिनारा से दूरी 25 किलोमीटर है जिसके नजदीक थाना करेरा की सीमा है व गांव की दूरी थाना करेरा से 12 किलोमीटर लगभग है व गांव के लिए जाने वाली रास्ता ग्राम क्षितिपुर से घूम कर जाते हैं ब रास्ता कच्चा एवं पक्का है रास्ते में बिलरही नदी बारिश की समय उफान पर रहती है ब रास्ता अवरुद्ध हो जाता है व करैरा से जाना पड़ता है जिससे अपराध कानूनी व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होने पर दूरस्थ स्थानों पर थानों की पुलिस को पहुंचने से अपेक्षा से अधिक समय लगता है एवं रात्रि को रिपोर्ट करता को साधन न मिलाना व अन्य अब आगमन की समस्याएं होती हैं ब आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है उक्त ग्राम की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम बम्हारी को थाना करैरा मे सम्मिलित किए जाने हेतु जिला दंडाधिकारी जिला शिवपुरी को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के माध्यम से प्रस्ताव पत्र भेजा गया है एवं थाना दिनारा जिला शिवपुरी अंतर्गत आने वाली ग्राम कुरोल थाना दिनारा की थाना दिनारा से दूरी 22 किलोमीटर दूर है जिसके नजदीक चौकी हिम्मतपुर थाना पिछोर जिला शिवपुरी की सीमा है व गांव की दूरी चौकी हिम्मतपुर थाना पिछोर से 0 8 किलोमीटर के लगभग है उक्त ग्राम को चौकी हिम्मतपुर थाना पिछोर से सम्मिलित किए जाने हेतु जिला दंडाधिकारी जिला शिवपुरी को श्रीमान पुलिस अधीक्षक के माध्यम से प्रस्ताव पत्र भेजा गया है

# जन मन योजना के तहत छूटे हुए सहरिया परिवारों को लाभान्वित करें - संभागायुक्त

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** पीएम जन मन योजना के तहत जिले में सहरिया परिवारों को चिन्हित करके विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। संभागायुक्त दीपक सिंह भी शनिवार को जिले के भ्रमण पर आए। उन्होंने जन मन अभियान की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों की समीक्षा की। जिसमें आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, खाद्यान्न पर्ची,पीएम आवास, छात्रावास,हर घर नल से जल, मोबाइल हेल्थ टीम, किसान क्रेडिट कार्ड, विश्वकर्मा योजना सहित सहरिया बाहुल्य ग्रामों में पानी, विद्युत, पक्की सड़क आदि के बारे में जानकारी ली। इन विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। सभी हितग्राहियों को चिन्हित करें।इसके अलावा आजीविका से जोड़ने के लिए वन धन विकास केंद्र महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इनका प्रस्ताव भेजें। आगनवाड़ी, छात्रावास, विद्युतीकरण, सोलर लाइट, सड़क आदि को लेकर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।जाति प्रमाण पत्र में कम प्रगति को लेकर लोक सेवा प्रबंधक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। आधार कार्ड की प्रगति को लेकर निर्देश दिए हैं कि प्रतिदिन कैंप लगाकर आधार कार्ड बनें और इसमें ई गवर्नेंस की टीम, महिला बाल विकास और पोस्ट ऑफिस समन्वय से कम करें। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड के लिए भी दल गठित करके प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित करके काम कराएं। यदि कोई लापरवाही करता है तो संबंधित पर सख्त कार्रवाई करें। पीएचई विभाग को प्रगतिरत नल जल योजनाओं को गर्मी से पहले पूरा करने के निर्देश दिए हैं।संभागायुक्त ने किया ग्राम हातोद का भ्रमणसंभाग आयुक्त ने अधिकारियों के साथ ग्राम हातोद का भी भ्रमण किया और ग्रामीणों से चर्चा की। जनमन योजना की चर्चा करते हुए जिन लोगों की समस्याएं थी उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।



# आबकारी शिवपुरी की टीम द्वारा करीब 1.40 लाख की शराब और लहॉन जप्त

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- जिले में अवैध मदिरा की बिक्री पर रोकथाम के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा निर्देश दिए गए हैं। म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं के अन्तर्गत अवैध मदिरा धारण, परिवहन, चौर्यनयन एवं विक्रय के विरूद्ध आबकारी टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार गुप्ता के निर्देशन में लगभग 1.40 लाख रूपये शराब और लहॉन जप्त की गई है। गतदिवस की गई कार्रवाई के दौरान वृत्त शिवपुरी क्षेत्रांतर्गत कुलदीप ढाबा, सुल?तान होटल, ढेव रोड मोगिया बस्ती, ग्राम कांकर में वृत्त प्रभारी शिवपुरी राहुल गुप्ता ने आबकारी दल के साथ पहुंचकर कुल 82.34 लीटर मदिरा एवं 1230 लीटर लहॉन जप्त कर मौके पर नष्ट की। म.प्र.आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं 34(1), 36(बी) के तहत छापामार कार्यवाहियों में कुल 04 प्रकरण पंजीबद्ध कर 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक द्वारा नए साल की शुरुआत UNSDG के अंतर्गत किया गया दान प्रोग्राम

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी**-जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक द्वारा नए साल की शुरुआत UNSDG के अंतर्गत दान प्रोग्राम के माध्यम से की गई। जिसके चलते फूड डिसटीब्यूशन एवं वूलन क्लॉथ डिस्ट्रीब्यूशन किया गया आज जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक की टीम ने शहर के प्रतिष्ठित विष्णु मंदिर में जाकर सबसे पहले छप्पन भोग का प्रसाद से भगवान को भोग लगाया गया। उसके पश्चात बढ़ती सर्दी को देखते हुए असहाय लोगों को कंबल एवं गर्म कपड़े बांटे गए। साथ ही साथ सभी दर्शनार्थी एवं लोगों को खिचड़ी वितरण की गई और गर्म दूध एवं चाय भी वितरित की गई। इस कार्यक्रम में आईपीपी जेएफएम अनु मित्तल, अध्यक्ष जेएफएम कविता अरोरा, सचिव जेसी शिल्पा दुबे, कोषाध्यक्ष जेएफएम पिंकी गोस्वामी, उपाध्यक्ष जेसी ज्योति त्रिवेदी, जेसी साधना शर्मा, एवं अन्य सदस्य जेसी मोनिका सचदेवा, जेसी रेखा गुप्ता, जेसी रितु चान्ना, जेसी सोनिया चौबे, जेसी हिमांशी पाराशर, जेसी नीलम पाठक, जेसी शशि अग्रवाल, जेसी चंदा साहू, जेसी आशना हरियाणी, जेसी प्रीति शुक्ला एवं जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# आउट सोर्सेज कर्मचारियो को कई महीनों से नही मिला था मानदेय

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

जिला अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियो को कैपिटल इन्फोलाइन प्राइवेट लिमिटेड और नेशनल सिक्रोटी इंदौर के द्वारा विगत 3 माह से लेकर 20 माह तक का मानदेय नही देने से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा के कुक, स्वीपर,एवं केयर टेकर के पद पर कार्यरत कर्मचारियो के द्वारा कार्य बंद किये जाने से चारो ओर गंदगी का आलम है केयर टेकर नही होने से मरीजो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा साथ ही कुक नही होंने से खाना तक नही बन पा रहा है जिस बजह से अनेक समस्याये पैदा हो गयी है इस संबंध में जब जवा बीएमओ ज्ञानेंद्र त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होनो बताया कि आउट सोर्सेज कर्मचारियों के कार्य बंद किये जाने से अनेक परेशानियां बड़ गई है साफ सफाई नही होने से चारो ओर गंदगी है मरीजो को खाना नही मिल पा रहा है जिसकी जानकारी ष्टस्ल्राह्न रीवा को दी गयी है लेकिन समस्या का हल नही हो पा रहा है।

संपादकीय

# हड़ताल के सवाल

हाल ही में आपराधिक मामलों में भारतीय न्याय संहिता के तहत लाये गये बदलाव से क्षुब्ध ट्रक चालकों की हड़ताल से जनजीवन पर खासा प्रतिकूल असर पड़ा है। खासकर हड़ताल के चलते पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल की आपूर्ति न हो पाने से कई–कई किलोमीटर लंबी कतारें देखी गई। अन्य स्थानों पर फल–सब्जी व दूध की आपूर्ति भी बाधित हुई। बहरहाल, लोग हैरत में थे कि देश में सामान्य स्थिति होने के बावजूद पेट्रोल पंपों पर ये मारामारी क्यों है। दरअसल, हाल में संसद से पारित भारतीय न्याय संहिता में हिट एंड रन मामलों में चालकों को सख्त सजा के प्रावधान से ट्रक ड्राइवर ही नहीं बस व टैक्सी चालक भी खासे क्षुब्ध हैं। दरअसल, देश में हर साल होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और पांच लाख के आसपास घायल होते हैं। ज्यादातर घटनाओं में बड़े वाहन चालकों पर लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप लगते रहे हैं। दरअसल, कानून में नये बदलावों में हिट एंड रन केस में पुलिस–प्रशासन को दुर्घटना की सूचना न देने पर दस साल की कैद और सात लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है। अब तक हिट एवं रन मामले में ट्रक या डंपर से किसी व्यक्ति की मौत होने पर दो साल की सजा का प्रावधान था और चालकों को जमानत भी मिल जाती थी। निस्संदेह, सड़क पर चलने वाले हर व्यक्ति को किसी हादसे से सुरक्षा और उसे न्याय भी मिलना चाहिए। इसी मकसद से लाये गए कानून को लेकर चालक असुरक्षाबोध से घिर गये। हालांकि, कानून अभी लागू नहीं हुआ है लेकिन चालक भयभीत हैं। उन्हें लगता है कि सख्त प्रावधानों के लागू होने पर वे वाहन नहीं चला पाएंगे। जिसके चलते विभिन्न संगठनों ने देश की अर्थव्यवस्था को ठप करने के लिये दबाव बनाया। जिसका असर पंजाब,हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र आदि पर साफ नजर आया। दरअसल, गरीब पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले ट्रक– बस चालकों को लगता है कि सजा ज्यादा कड़ी है और किसी हादसे की स्थिति में वे इतना जुर्माना देने की स्थिति में नहीं होंगे। ट्रांसपोर्टरों के बड़े संगठन ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने दावा किया कि 65 फीसदी भारी वाहन हड़ताल में शामिल रहे। जिसके चलते सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है। आशंका जतायी जाती रही है कि यदि हड़ताल का समय बढ़ता है तो कई भागों में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में बाधा के साथ ही दूध,फल–सब्जी आदि के दाम बढ़ सकते हैं। यही वजह है कि देश के तमाम पेट्रोल पंपों पर अफरातफरी का माहौल रहा। साथ ही कई जगह टैक्सी चालकों के हड़ताल में शामिल होने से यात्री परेशान रहे। जिससे पीक सीजन में पर्यटन स्थलों में कारोबार प्रभावित हुआ है। निस्संदेह, राहगीरों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और इसी नजरिये से कानूनों में बदलाव किया गया, लेकिन ट्रक चालकों की वास्तविक समस्या को भी संवेदनशील ढंग से संबोधित किये जाने की जरूरत थी। ट्रक चालकों का कहना है कि आठ–दस हजार की नौकरी में वे इतना बड़ा जुर्माना कैसे भरेंगे। यदि उनकी सात–आठ लाख देने की कूवत होती तो वे ट्रक क्यों चलाते। ऐसे में यदि वे दस साल के लिये जेल जाएंगे, तो उनके परिजनों का क्या होगा? चालक आशंका जताते हैं कि यदि वे दुर्घटना होने पर सूचना देने के लिये रुक जाते हैं तो उन्हें भीड़ की हिंसा का शिकार होना पड़ेगा। उनकी दलील है कि अकसर भीड़ घायल को बचाने की बजाय चालक को मारने पर उतारू हो जाती है और कई बार उनके वाहनों को आग लगा दी जाती है। ट्रांसपोर्टर दलील देते हैं कि दुर्घटना होने पर कैमरों व टोल–नाकों की मदद ली जानी चाहिए। उनका मानना है कि ऐसे प्रयास हों कि यात्री भी सुरक्षित रहें और चालक भी आतंकित न हों। बहरहाल, ट्रक चालकों का जीवन स्तर सुधारने, उन्हें पुलिस की वसूली से बचाने और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं देने की जरूरत है ताकि वे भी समाज में सम्मानजनक ढंग से जी सकें। वैसे देर रात ट्रांसपोर्ट डीलर एसोसिएशन का कहना था कि सरकार द्वारा नये कानून को अभी लागू न करने के आश्वासन देने पर सकारात्मक प्रतिसाद दिया जायेगा।

# सीट बंटवारे के भंवर में फंसा इंडिया गठबंधन

–राजेश माहेश्वरी

> *ऐसे माहौल में विपक्षी एकता का भविष्य क्या होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे के फार्मूले पर फंसे पेंच के बीच बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और और जनता दल यूनाईटेड के बीच बढ़ी खटास ने गठबंधन की परेशानी बढ़ा दी है। महाराष्ट्र, बिहार पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ को महत्त्व नहीं दे रहे।*

विपक्षी गठबंधन इंडिया की चार बैठकें हो चुकी है। बीते 19 दिसंबर को गठबंधन के नेता दिल्ली में मिले थे। इस बैठक में भी भाजपा को हराने और एक साथ चलने जैसी हवा हवाई बातों के अलावा कुछ ठोस नहीं निकला। सीट बंटवारे जैसे अहम मुद्दे पर कोई ठोस पहल या निर्णय इस बैठक में नहीं हुआ। अब जब लोकसभा चुनाव सिर पर खड़े हैं और इंडिया गठबंधन अभी तक अपने संयोजक का चुनाव नहीं कर सका है। और न ही गठबंधन सीट बंटवारे का कोई फार्मूला तय कर पाया है। ऐसे माहौल में विपक्षी एकता का भविष्य क्या होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे के फार्मूले पर फंसे पेंच के बीच बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और और जनता दल यूनाईटेड के बीच बढ़ी खटास ने गठबंधन की परेशानी बढ़ा दी है। महाराष्ट्र, बिहार पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ को महत्व नहीं दे रहे। दूसरी ओर दिल्ली, हरियाणा, गुजरात में आम आदमी पार्टी ने सीट बंटवारे को उलझा दिया है। इस बीच खबर यह भी है कि सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन ने मियाद तय कर दी है। जिसके तहत जनवरी के दूसरे हफ्ते यानी 15 जनवरी तक सीटों का बंटवारा कर लिया जाएगा। कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सीटों के तालमेल के लिए 5 सदस्यों की एक कमेटी भी गठित की है। सीट बंटवारे में सबकी नजर यूपी महाराष्ट्र और बंगाल समेत 5 बड़े राज्यों पर है, जहां कांग्रेस का जनाधार काफी कमजोर है। केरल और पंजाब जैसे राज्यों में भी कांग्रेस के लिए राह आसान नहीं है। कांग्रेस यहां विधानसभा में कमजोर है, जबकि लोकसभा में उसे बढ़त हासिल है। इंडिया गठबंधन के सूत्रों के मुताबिक सीट बंटवारे के लिए शुरू में ही तीन फॉर्मूले नीतीश कुमार ने दिये था, लेकिन कई नेता इस पर सहमत नहीं थे। ऐसे में बड़े नेताओं को नए सिरे से भी सीट बंटवारे का फॉर्मूला ईजाद करना होगा। कई राज्यों में फ्रेंडली फाइट जैसे हालात भी बन गए हैं। इंडिया गठबंधन बनाने का मुख्य मकसद लोकसभा चुनाव में 450 सीटों पर मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए को सीधी टक्कर देनी है। एनडीए खासकर उत्तर और मध्य भारत में काफी मजबूत स्थिति में है। ऐसे में सारे समीकरण इन्हीं राज्यों के लिए तैयार किया गया है। लोकसभा सीटों के लिहाज से उत्तर प्रदेश में 80, महाराष्ट्र में 48, पश्चिम बंगाल में 42, बिहार में 40 और तमिलनाडु में 39 सीटों के साथ सबसे बड़ा राज्य हैं। इन राज्यो में जो समीकरण बन रहे हैं, उसमें कांग्रेस को 50 सीटें मिलना मुश्किल लग रहा है। सबसे ज्यादा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आरएलडी के साथ गठबंधन में है। सपा ने आजाद समाज पार्टी और अपना दल (कमेरावादी) को भी साथ जोड़ा है। यानी गठबंधन में मुख्य 3 दल के अलावा 2 छोटे दल भी शामिल हैं। 80 सीटों वाली उत्तर प्रदेश में कांग्रेस लंबे समय बाद गठबंधन कर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस 2009 मे अकेले दम पर 21 सीटें यहां जीती थी। हालांकि, उस वक्त का सियासी समीकरण काफी अलग था। कांग्रेस अब भी 20 से ज्यादा सीटों पर दावा ठोक रही है, लेकिन पुराने आंकड़े और समीकरण उसके पक्ष में नहीं है। 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने रायबरेली सीट पर जीत हासिल की थी, जबकि अमेठी, कानपुर और फतेहपुर सीकरी में दूसरे नंबर पर रही थी। यानी कुल 4 सीटों पर कांग्रेस का बीजेपी से सीधा मुकाबला हुआ था। 2014 में कांग्रेस को अमेठी और रायबरेली में जीत मिली थी, जबकि पार्टी 6 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी। इनमें गाजियाबाद, कुशीनगर, बाराबंकी, कानपुर, लखनऊ और सहारनपुर जैसी सीटें थी। कांग्रेस को यूपी में इस बार भी 7–12 सीटें मिलने की बात कही जा रही है, हालांकि, कांग्रेस का दावा कम से कम 20 सीटों का है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी के साथ सीटों का समझौता करना है। 48 सीटों वाली महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की पार्टी 18 से कम सीटों पर लड़ने को तैयार नहीं है। पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन के 3 दलों का जनाधार है। तृणमूल बड़ी पार्टी है, जबकि कांग्रेस–सीपीएम दूसरे और तीसरे नंबर की। ममता बनर्जी सीपीएम को गठबंधन में लेने को तैयार नहीं है। कई मौकों पर तृणमूल के बड़े नेताओं ने इसके संकेत भी दिए हैं। पश्चिम बंगाल में लोकसभा की कुल 42 सीट है, लेकिन पिछले 2 चुनाव में यहां कांग्रेस और सीपीएम का प्रदर्शन काफी बुरा रहा है। कांग्रेस 4 सीटों पर ही आमने–सामने की लड़ाई में रही है, ऐसे में कांग्रेस ज्यादा सीटों पर दावेदारी करने की स्थिति में नहीं है। इंडिया गठबंधन की शुरुआत बिहार से हुई थी। यहां 4 दलों में सीट बंटवारे का काम होना है। जदयू और राजद बड़े भाई की भूमिका में है। कांग्रेस और माले को भी लोकसभा चुनाव लड़ना है। पिछले चुनाव में जदयू एनडीए गठबंधन के साथ मैदान मे उतरी थी। 2019 में जदयू के 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे थे, जिसमें 16 ने जीत हासिल की थी। ऐसे में यह लगभग तय है कि जदयू 16 से कम सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतारेगी। राजद की भी इतनी ही सीटों पर दावेदारी है, 2 सीट पर सहयोगी माले भी दावा ठोक रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि कांग्रेस को 4–6 सीटें बिहार में मिल सकती है। कांग्रेस की यहां दावेदारी 8 सीटों की है। तमिलनाडु में पुराना समीकरण ही रह सकता है, 2019 में तमिलनाडु में कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। उसे इस बार भी उतनी ही सीटें मिलने की उम्मीद है। विपक्षी गठबंधन कितना स्थाई है सीटों के बंटवारे का फार्मूला सामने आने के बाद ही इसका पता चल पाएगा। ताजा स्थिति यह है कि महाराष्ट्र में उद्धव गुट का शिवसेना, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, बिहार में राजद–जदयू, दिल्ली–पंजाब में आप और उत्तर प्रदेश में सपा कांग्रेस को भाव देने के मूड में नहीं है। चूंकि बिहार में गठबंधन का दायरा बहुत बड़ा है, ऐसे में राजद–जदयू कांग्रेस को दो–तीन सीटों पर, बंगाल में ममता बनर्जी दो–तीन सीटों पर, दिल्ली और पंजाब में आप कांग्रेस को इतनी ही सीटें देना चाहती हैं। मुश्किल यह है कि आप चाहती है कि कांग्रेस हरियाणा, गुजरात मे उसके लिए बड़ा दिल दिखाए। ममता पश्चिम बंगाल में वाम दलों को एक भी सीट नहीं देना चाहतीं। ऐसे में सीटों के बंटवारे के फार्मूले पर सहमति बनती नहीं दिख रही। कुल मिलाकर फिलवक्त इंडिया गठबंधन की राह आसान दिखाई नहीं देती है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा है कि मन मुताबिक सीट बंटवारा न होने पर कांग्रेस एकला चालो रे का फार्मूला अपनाएगी। खबर तो ये भी है कि पार्टी ने ऐसी लगभग 300 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी शुरु भी कर दी है। विपक्षी गठबंधन इंडिया बचेगा या नहीं इसकी तस्वीर इसकी अगली बैठक मे साफ होगी। हालांकि सवाल है कि सीटों के बंटवारे पर फंसे पेंच के बावजूद बैठक बुलाई भी जाएगी या नहीं? फिर नेता पद के लिए नीतीश की ओर से पेश की गई दावेदारी के इतर सवाल यह भी है कि क्या कांग्रेस बिहार पश्चिम बंगाल, दिल्ली, पंजाब जैसे राज्यों मे खाली हाथ रहने के लिए तैयार है? जाहिर तौर पर कांग्रेस ऐसा नहीं चाहेगी। वह चाहेगी कि क्षेत्रीय दल भी उसके लिए दिल बड़ा करे। जनवरी के दूसरे सप्ताह मे विपक्षी एकता की तस्वीर काफी कुछ साफ हो जाएगी। और उसी के साथ अगामी लोकसभा चुनाव की दिशा, दशा और नतीजे भी तय हो जाएंगे। –लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# गृह मंत्रालय का कड़ा रुख

आदित्य नारायण

गृह मंत्रालय एक के बाद एक भारत विरोधी संगठनों और गैंगस्टरों केे विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रहा है। अब तक 55 व्यक्ति यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किए जा चुके हैं। इसी कड़ी में कनाडा के ब्रम्पटन में रह रहे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ उर्फ सतिंदरजीत सिंह को गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। इससे पहले गृह मंत्रालय ने कनाडा में ही बसे लखविन्दर सिंह लांडा को आतंकवादी करार दिया था। गोल्डी बराड़ खालिस्तानी संगठन बब्बर इंटरनैशनल से जुड़ा हुआ है। गोल्डी बराड़ के पिता पंजाब पुलिस में इंस्पैक्टर रहे हैं। गोल्डी बराड़ कनाडा पढ़ने गया था लेकिन आतंकवादी बन गया। वह पंजाब में एक मॉडयूल के माध्यम से काम करता है और जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी है। गोल्डी बराड़ पर हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और कई आपराधिक घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। पंजाब के लोकप्रिय गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में वह वांछित है। सरकार का कहना है कि सीमा पार एजेंसी की ओर से समर्थन प्राप्त गोल्डी बराड़ कई हत्याओं में शामिल है और कट्टरपंथी विचारधारा रखने का दावा करता है। इसके अलावा वो भारत के राजनीतिक नेताओं को धमकी भरे कॉल करने, फिरौती मांगने और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हत्या के दावे संबंधी पोस्ट करने में भी शामिल है। गोल्डी बराड़ सीमा पार ड्रोन के जरिये हाई ग्रेड हथियारों, गोला–बारूद और विस्फोटकों की तस्करी और हत्याओं को अंजाम देने के लिए सप्लाई और शॉर्प शूटर मुहैया कराने में भी शामिल रहा है। गोल्डी बराड़ और उनके साथी पंजाब में बर्बरता, आतंक का माहौल बनाकर टारगेट किलिंग और कई अन्य राष्ट्र विरोधी गतिविधियां करके शांति भंग करने की साजिश रच रहे हैं। मई 2022 में अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसी इंटरपोल ने गोल्डी बराड़ के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। दिसंबर 2022 में गोल्डी के खिलाफ गैर–जमानती वारंट और मई 2022 में लुक–आउट सर्कुलर जारी किया गया था।गृह मंत्रालय ने



जम्मू–कश्मीर के तहरीक–ए–हुर्रियत और जम्मू–कश्मीर मुस्लिम लीग (मसर्रत आलम) पर भी बैन लगाया है। हुर्रियत कांफ्रेंस कभी कश्मीरी आवाम का प्रतिनिधित्व करने का दावा करती थी और खुद को कुल जमाती बताती थी। हुर्रियत कांफ्रेंस के दो गुटों में विभाजन के बाद एक गुट का प्रतिनिधित्व कट्टरपंथी अलगाववादी सैय्यद अली शाह गिलानी करने लगे। इस गुट को गर्मपंथी माना गया। जबकि नरमपंथी गुट का नेतृत्व मीर वाइज उम्र फारुख को मिला। कौन नहीं जानता कि हुर्रियत के इन नागों ने जम्मू–कश्मीर में कितना जहर फैलाया है। सैय्यद अली शाह गिलानी की मौत के बाद भी इस गुट ने साजिशें रचना नहीं छोड़ा। पूरा देश जानता है कि –हुर्रियत के नेताओं ने स्कूली बच्चों से लेकर कालेज छात्रों तक के हाथ मे पत्थर पकड़वाए और उन्हें सुरक्षा बलों पर पत्थर फैंकने के लिए दिहाड़ीदार मजदूर बना डाला। –हुर्रियत नेताओं ने अपने बच्चे पढ़ने केे लिए विदेश भेजे या फिर उनका दाखिला दिल्ली या अन्य शहरों के नामी–गिरामी स्कूलों में करवाया और कश्मीरी बच्चों के लिए स्कूल जला डाले।–हुर्रियत नेताओं ने पाकिस्तान और अन्य अरब देशों से मिले धन का इस्तेमाल कश्मीर में आतंकवादी पैदा करने के लिए किया और खुद भी देश–विदेश में करोड़ों की सम्पत्तियां बना डालीं।–कुछ नेताओं ने तो होटल भी बनाए। लंदन और अन्य देशों मे आलीशान बंगले भी खड़े किए। अपने परिवारों को विदेशों में सुरक्षित रखा और कश्मीरी युवाओं को आतंकवादी बनाकर उन्हें मरने के लिए मजबूर किया।–पूर्व की सरकारों ने इन्हें सुरक्षा दी हुई थी और कई सालों तक हुर्रियत के इन नागों को दूध पिलाया जाता रहा है और यह सभी जहर उगलते रहे।2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद हुर्रियत नेताओं कधि सुरक्षा छीनी गई और हुर्रियत नेताओं के चेहरे से नकाब हटाए गए। जो काम गृह मंत्रालय ने ध्किया वह तो बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। मोदी सरकार आतंकवाद के ध्खिलाफ जीरो टॉलरैंस की नीति अपना रही है। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद राज्य में आतंकवाद की घटनाओं में काफी कमी आ चुकी है। गृहमंत्री अमित शाह ने दो टूक कहा है कि अगर कोई संगठन या व्यक्ति भारत विरोधी गितविधि में लिप्त पाया जाएगा तो उनके खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे। पंजाब में खालिस्तानी आंदोलन को पुनर्जीवित करने की कोशिशों में लगे तत्वों पर भी शिकंजा कसना जरूरी है। खासतौर पर ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी ही चाहिए।

# फीडबैक के जरिये माहौल बनाने की कवायद करेंगे मोदी

डॉ. दीपक पाचपोर

> *इस लिहाज से उनकी तारीफ की जा सकती है परन्तु यह भी समझना होगा कि क्या वे केवल अपने बारे में रायशुमारी कर रहे हैं या सचमुच देश की प्रगति का आंकलन करना चाहते हैं।*

आम चुनाव की दहलीज पर खड़े और भारत के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को आतुर नरेन्द्र मोदी अब लोगों से जानना चाहते हैं कि देश ने विभिन्न क्षेत्रों में कैसी तरक्की की है। शायद वे पहले पीएम हैं जो अपने 10 वर्षों के कामों पर जनता का सीधे फीडबैक मांग रहे हैं। इस लिहाज से उनकी तारीफ की जा सकती है परन्तु यह भी समझना होगा कि क्या वे केवल अपने बारे में रायशुमारी कर रहे हैं या सचमुच देश की प्रगति का आंकलन करना चाहते हैं। लोकसभा चुनाव–2024 को बामुश्किल 3–4 माह ही रहते हैं, ऐसे में फीडबैक की उपयोगिता पर भी प्रश्नचिन्ह लगते हैं। जनता से मिलने वाले विचारों के मुताबिक कम से कम इस कार्यकाल में तो वे अपनी कार्यपद्धति में संशोधन नहीं कर सकतेय तो क्या यह माना जाये कि वे आम राय का उपयोग अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिये करेंगे? ऐसा इसलिये लगता है क्योंकि मोदी का प्रशासन लगभग सभी मोर्चों पर नाकाम साबित हुआ है और उनकी छवि ने भी पिछले दिनों बड़ी गिरावट दर्ज की है। ऐसे में उन्हें अपनी छवि के पुनर्निर्माण की बेहद आवश्यकता है। उनके हाथों 22 जनवरी को उद्घाटित होने जा रहे जिस राममंदिर के बल पर वे अगला चुनाव जीतने की जुगत में है, उसका असर हिन्दीभाषी एवं उनसे लगे कुछ राज्यों से बाहर होने की संभावना नहीं दिखती। ऐसे क्षेत्रों में दक्षिण भारत, उत्तर–पूर्वी राज्य, जम्मू–कश्मीर आदि का उल्लेख किया जा सकता है। इसलिये मोदी के लिये जरूरी है कि वे कुछ नया धमाल करें ताकि उनके समर्थक मानें कि उनका करिश्मा समाप्त नहीं हुआ है। सम्भवतः प्रस्तावित फीडबैक का उपयोग इसी उद्देश्य के लिये होगा। अयोध्या में भव्य हवाई अड्डे के उद्घाटन से उत्साहित मोदी ने सोमवार को अपने एक्स (पहले का ट्विटर) पर पोस्ट कर लोगों से यह राय मांगी है। उन्होंने लिखा है– श्पिछले 10 वर्षों में अलग–अलग क्षेत्रों में भारत द्वारा हासिल की गई प्रगति के बारे में आप क्या सोचते हैं? अपनी प्रतिक्रिया नमो एप में श्जन मन सर्वेश् के जरिए सीधे मुझ तक पहुंचाएं श् पीएम ने जिन क्षेत्रों में हुए कामों पर जनता से फीडबैक मांगा है, वे हैं– बुनियादी ढांचे का निर्माण, रोजगार के अवसर राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, किसान समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, कानून–व्यवस्था एवं शहरी विकास। लोग मोदी शासन, उनके सांसदों एवं निर्वाचन क्षेत्र की विशिष्टताओं पर भी अपनी राय दे सकते हैं। यह भी पूछा गया है कि वे केन्द्र सरकार की किन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। वैसे तो यह सर्वे नमो एप पर 19 दिसम्बर से जारी है लेकिन लगता है कि अब प्रधानमंत्री द्वारा एक्स पर पोस्ट करने के बाद इसमें तेजी आएगी। देखना यह भी होगा कि क्या इसमें केवल समर्थक ही जगह पायेंगे या फिर प्रतिकूल टिप्पणियों को भी नोट किया जायेगा? ऐसी आशंका इसलिये जताई जा सकती है क्योंकि मोदी अपनी आलोचनाओं को गालियां मानते हैं और उनकी डिक्शनरी में वे शब्द नहीं हैं जो उनके कामों के खिलाफ व्यक्त किये जाते हैं। यह सर्वे कितना पारदर्शी होगा– यह भी देखना होगा। कितनी ईमानदारी से इसके निष्कर्षों का प्रस्तुतीकरण होगा, इस पर भी गौर फरमाना चाहिये। असली बात तो यह है कि जितने क्षेत्रों के कामों के बारे में पीएम जनता की राय पूछ रहे हैं, क्या उनके बारे में सारी स्थितियां सामने नहीं हैं? मसलन, रोजगार के अवसरों की ही बात करें तो शासकीय आंकड़े बतलाते हैं कि नवम्बर 2016 में लाई गई नोटबन्दी और तत्पश्चात कोरोना के चलते करोड़ों लोगों ने अपने रोजगार खोये हैं। बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपने लिये रोजगार ढूंढने ही बन्द कर दिये हैं। बड़े प्रयासों के बाद जितनी बड़ी तादाद में लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया था, उससे कहीं ज्यादा लोग इन 10 वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे गये हैं। तभी तो 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर जिंदा हैं। अब तो सरकार ने इस बाबत आंकड़े रखने ही बन्द कर दिये हैं। सर्वे में उल्लिखित किसी भी क्षेत्र को देखें, तो बदहाली के अलावा कुछ भी नहीं मिलेगा। सवाल तो यह भी है कि क्या मोदी इन तथ्यों को स्वीकारेंगे और तदनुसार अपने कामों में परिवर्तन लाएंगे? सरकारी कामकाज में जिन कमियों की ओर जो भी विरोधी दल के नेता, लेखक, पत्रकार मानवाधिकार कार्यकर्ता आदि बातें करते हैं, उन्हें देशद्रोही या टुकड़े–टुकड़े गैंग करार दिया जाता है या कहा जाता है कि वह विदेशी शक्तियों के इशारों पर काम कर रहा है। आखिरकार देश की तरक्की की स्थिति पर ही तो संसद के सदस्य सदनों के भीतर बात करना चाहते हैं परन्तु उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। जनता के प्रतिनिधियों से संवाद को बन्द कर मोदी जनता से सीधे जो राय लेना चाहते हैं, उसके पीछे की मंशा को भी समझना होगा। सीधी सी बात है कि जो आंकड़े एकत्र होंगे, उन्हें चुनाव के पहले इस कदर पेश किया जायेगा कि देश में सब कुछ अब भी चंगा सी। बतलाया यह जायेगा कि देश ने मोदी के नेतृत्व में चहुंतरफा तरक्की की है। ऐसी प्रगति पहले कभी नहीं देखी नहीं गई। इसके लिये जहां एक ओर तथ्यों को तोड़ने–मरोड़ने में विशेषज्ञ लोगों एवं आईटी सेल का उपयोग होगा वहीं दरबारी मीडिया नमो–नमो का फिर से जाप करेगा।

# अच्छे संस्कारों से आज भी घरों में राम बनाये जा सकते हैं- उमा उपाध्याय

## मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा में राममय भाव से भरी बालगोष्ठी हुई सपन्न

महेंद्र शर्मा उप संपादक
पुष्पांजलि टुडे

**ग्वालियर।** मध्यभारतीय हिंन्दी साहित्य सभा में गत रविवार मासिक ÷बाल गोष्ठी÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बाल साहित्यकारों का मार्गदर्शन करने हेतु नगर की साहित्यकार उमा उपाध्याय एवं डॉ. ईश्वर चंद करकरे उपस्थित रहे। दोनों वरिष्ठ साहित्यकारों ने बालको की प्रस्तुतियों से भाव विभोर होकर सभी को उत्कृष्ट संस्कार और उज्ज्वल भविष्य के लिये आशीष वचन प्रदान किये।कार्यक्रम में उपस्थित बाल साहित्यकारों ने श्रीराम जी के मन्दिर निर्माण को ध्यान में रखते हुए श्रीराम जी के भक्ति भरे भजन का सुमधुर स्वर मे गान किया। प्रियांशु कुशवाह ने हम कथा सुनाते राम लखन गुण धाम की- भजन की प्रस्तुति के साथ गोष्ठी का प्रारंभ किया इसके पश्चात तनय उपाध्याय, लक्ष्मी बघेल,सृष्टि गोस्वामी, काव्या गोस्वामी,हिमान्या राजे करकरे, ऋतु गोस्वामी,मुस्कान कुशवाह,कृष्णा ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से गोष्ठी को सफल बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर के युवा इतिहासविद नीलेश करकरे ने बाल साहित्यकारों को तानसेन के एक विरले राम भजन के माध्यम से रोचक जानकारी प्रदान की। शिवानी गोस्वामी ने आभार एवं व्याप्ति उमड़ेकर ने संचालन किया । इस अवसर पर डॉ. मन्दाकिनी शर्मा, अंकुर चौरसिया,विकास बघेल,प्रथम बघेल,दीक्षा शाक्य सहित अन्य साहित्यकार तथा कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे




# राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन भारत नई दिल्ली का 15 वा अधिवेशन ग्वालियर में होगा आयोजित



**ग्वालियर-/-** राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन भारत नई दिल्ली का प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 व राष्ट्रीय अधिवेशन ग्वालियर में होना सुनिश्चित किया गया है इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन के पदाधिकारी के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से जानकारी दी गई की राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन का 15 वा अधिवेशन 7 /1/2024 रविवार को ब्रज वाटिका धर्मवीर पेट्रोल पंप के पास पिंटू पार्क गोले के मंदिर ग्वालियर में आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परम संत कृपाल सिंह महाराज जी ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं मध्य प्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर एवं गुना सांसद कृष्णपाल सिंह यादव आईपीएस संजय कुमार झा एवं जी अतिथियो के रूप में उपस्थित रहेंगे पदाधिकारीओ द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया कि आज हमारे देश में महंगाई ने कमर तोड़ रखी है आए दिन नए-नए कानून लायें जा रहे हैं जिससे गरीब आदमियों के अधिकारों का हनन हो रहा है हमारी संस्था राष्ट्रीय मानव अधिकार सेवा संगठन भारत नई दिल्ली जो हमेशा गरीब तबके की आवाज उठाती आ रही है वह अधिवेशन 7 तारीख को आयोजन हो रहा है इसमें मध्य प्रदेश के सभी जिलों से कम से कम 500 पदाधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे एवं कार्यक्रम को सफल बनाएंगे संगठन के पदाधिकारी के द्वारा सभी सदस्यों से विशेष आग्रह किया है कि आगामी दिन में होने वाले अधिवेशन में उपस्थित होकर अधिवेशन को सफल बनाएं पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से मुन्नी लाल शर्मा अध्यक्ष मानव अधिकार एडवोकेट अशोक शर्मा उपाध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा प्रमुख सचिव रमेश शर्मा कोपरेटिव सोसाइटी डॉक्टर देसिक्कार सिंह विजय सिंह (संभागीय अध्यक्ष) बच्चन लाल शर्मा धीरज शर्मा नीरज शर्मा आदि संगठन के सदस्य उपस्थित रहे

# मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिये स्टेंडिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न

**ग्वालियर** - मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिये विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत 6 से 22 जनवरी तक कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय कुमार सिंह ने शनिवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत स्टेंडिंग कमेटी में जनप्रतिनिधियों को यह जानकारी दी। बैठक में विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधि के साथ ही एडीएम टी एन सिंह एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एल के पाण्डेय उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सिंह ने जनप्रतिनिधियों को मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही प्रारूप की सीडी भी उपलब्ध कराई। उन्होंने बीएलओ को यह निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को अंजाम दें। उन्होंने जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को भी गंभीरता के साथ संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की गतिविधियों को मूर्तरूप देने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिये आवेदन करेंगे। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे अपने-अपने प्रतिनिधियों को भी इस काम में सहयोग हेतु प्रेरित करें।

## जिले के विकास के लिये कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों से की चर्चा

# सांसद, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और विधायकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

**ग्वालियर** - शहर विकास में सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग और मार्गदर्शन जरूरी है। कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने शनिवार को जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर शहर विकास पर विस्तार से चर्चा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव, विधायक ग्वालियर पूर्व डॉ. सतीश सिकरवार तथा डबरा विधायक श्री सुरेश राजे के साथ बैठकर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। जिले के विकास के लिये चल रहे विकास कार्यों के साथ-साथ शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिये भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि शहर विकास के लिए जो महत्वपूर्ण सुझाव हैं उन्हें बताएँ ताकि जिला स्तर से और शासन स्तर से उनकी स्वीकृति और उनके क्रियान्वयन पर कार्य किया जा सके। यातायात, अधोसंरचना विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और



शहरी विकास के लिये जनप्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। क्षेत्रीय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने अपने संसदीय क्षेत्र में विकास की विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, अधोसंरचना के साथ-साथ बेहतर सड़कों के लिये भी कार्य किया जाना चाहिए। इसके लिये कार्ययोजना तैयार कर शासन स्तर से स्वीकृति हेतु भेजा जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह ने ग्रामीण विकास के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार ने नगरीय क्षेत्र में लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधायें मिलें, इसके लिये योजनाओं और कार्यक्रमों का बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ शहर के सभी वार्डों में अधोसंरचना के काम को प्राथमिकता से करने की बात कही। विधायक ग्वालियर पूर्व डॉ. सतीश सिकरवार ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। उन्होंने कहा कि शहर के उद्यानों, श्मशानों और कब्रिस्तानों के उन्नयन और विकास के लिये परियोजना तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जाना उचित होगा। इसके साथ ही हॉकर्स जोनों का निर्माण और विकास की बड़ी परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से किया जाना चाहिए। विधायक डबरा श्री सुरेश राजे ने डबरा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं की ओर ध्यान इंगित किया। इसके साथ ही डबरा में सड़कों के संधारण और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को प्राथमिकता से करने की बात कही। कलेक्टर सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जिले के विकास के लिये जो महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं उन पर गंभीरता से कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही शहर विकास के लिये निरंतर निरीक्षण कर और बेहतर कार्य करने की दिशा में भी सार्थक पहल की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जिले के विकास के लिये सभी जनप्रतिनिधियों का सहयोग और मार्गदर्शन भी मिलता रहे। इसके लिये भी निरंतर प्रयास किए जायेंगे।

# जिस दिन आप अपने माता-पिता को धोखा देते हैं उसी दिन आपका जमीर मर जाता है बस शरीर जिन्दा रहता है शास्त्री जी

ग्वालियर पारदी मोहल्ला बालाजी दरबार शिंदे की छावनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन बताया कि ये दुनिया का अकाट्य सत्य है कि जो इस धरती पर आया है उसे एक दिन मरना है। ये सत्य जानने के बाद भी जो मनुष्य अपने कल्याण के बारे में नहीं सोचता उससे बड़ा मूर्ख कोई नहीं धर्म वो नहीं है जिसे तुम्हारी बुद्धि मानती है, धर्म वो है जिसे वेद स्वीकार करते हैं एक 10 रुपए का सिम खरीदते समय हम प्लानिंग करते हैं कि किस कंपनी का सिम खरीदें, लेकिन जिंदगी कैसे जीनी चाहिए हम इसकी



प्लानिंग नहीं करते हैं आगे सुप्रसिद्ध भागवताचार्य जी ने बताया कि जिस दिन आप अपने माता-पिता को धोखा देते हैं उसी दिन आपका जमीर मर जाता है बस शरीर जिन्दा रहता है सच्चे मन से की गयी प्रार्थना कभी विफल नहीं होती। सब की पॉवर व्यर्थ हो जाती है लेकिन प्रार्थना की पॉवर कभी व्यर्थ नहीं होती है मनुष्य को हमेशा निःस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए और मनुष्य को हमेशा ऐसे दान करना चाहिए कि एक हाथ से दान दो तो दूसरे हाथ को पता भी न चले आगे महाराज जी ने गोवर्धन की पूजा का वर्णन किया आज भागवत कथा में दो गरीब कन्याओं का विवाह भी होगा शाम को 4ः00 बजे राम मंदिर से बारात निकाली जाएगी

# भारत में अब राष्ट्रीयता का भाव उपजा है :नरेंद्र सिंह तोमर

**ग्वालियर** ।राजमाता विजया राजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा ग्वालियर द्वारा दो दिवसीय ÷भारत की विश्व को देन÷ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने संगोष्ठी का शुभारंभ किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराडकर मौजूद रहे। इस अवसर पर राजमाता विजया राजे सिंयिा कृषि विश्वविद्यालय कुलपति प्रो?सर अरविंद कुमार शुक्ल, स्वदेश समूह के सम्पादक अतुल तारे, सत्र की अध्यक्षता महामंत्री अखिल भारतीय साहित्य परिषद के ऋषि कुमार मिश्र ने की। साथ ही मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा के अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव एवं मंत्री धीरज शर्मा भी मंच पर मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि भारत की सभ्यता, संस्कृति और परंपरा को जानने के लिए सिर्फ एक सत्र पर्याप्त नहीं है। हमारी संस्कृति संस्कार और सभ्यता हजारों सालों से समृद्ध है लेकिन एक कालखंड ऐसा आया, जिसने हमें आत्महीनता और आत्म ग्लानि में डुबो दिया। यह दौर था मुगलों के आक्रमण का। यह दौर था अंग्रेजों की पराधीनता का। इस दौर में हमने खुद को हीन भावना से ग्रसित कर लिया। हाल के वर्षों में 2014 के बाद के वर्तमान दौर को देखें तो देशवासियों में आत्म गौरव का भान हुआ है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि संस्कारों से निर्मित व्यक्ति जब जिम्मेदारियां संभालता है तो हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होता है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा हमारी नई पीढ़ी को साहित्य की ज्यादा जानकारी नहीं है और इसके लिए नई पीढ़ी को दोष देना ठीक नहीं है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति अपने साहित्य अपने काव्य से अवगत कराएं। मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा इस कार्य को बखूबी अंजाम दे रही है। शब्द और साहित्य हमारी ताकत है। इसीलिए साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। उन्होंने कहा कि साल 2014 के बाद से हमें अपने भारतीय होने पर गर्व महसूस होने लगा है। यही नहीं दुनिया भर में भी भारत का मान सम्मान ब?ा है। उन्होंने जी-20 और पेरिस में सोलर अलायंस का जिक्र करते हुए कहा कि भारत की विशेषता ताकत विज्ञान और बुद्धिमत्ता के कारण ही अमेरिका के राष्ट्पति को कहना पड़ा वन वर्ल्ड, वन सन, वन मोदी।

# थाना मुरार पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर को चोरी की दस स्प्लेण्डर मोटर साइकिल सहित किया गिरफ्तार

## मुरार थाना पुलिस की सक्रिय कार्रवाई शातिर वाहन चोर गिरफ्तार कर 10 मोटरसाइकिल की जप्त

**ग्वालियर** -पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल(भापुसे)* के निर्देश पर ग्वालियर जिले में वाहन चोरों तथा नकबजनी के अपराधियों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध/यातायात)ऋषिके श मीना,भापुसे द्वारा थाना प्रभारी मुरार को थाना क्षेत्र से चोरी गये वाहनों की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देश दिये गये। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना मुरार क्षेत्रान्तर्गत एमएच चौराहा पर दो शातिर वाहन चोर चोरी की मोटर साइकिल बेचने की फिराक में खड़े हैं। उक्त सूचना पर थाना मुरार पुलिस की एक टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु भेजा गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी मुरार राजीव जंगले के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय के द्वारा पुलिस की एक टीम में मुखबिर के बताये स्थान एमएच चौराहा पर भेजा गया। एमएच चौराहा पर पुलिस टीम को दो संदिग्ध लड़के एक स्प्लेण्डर मोटर साइकिल लिये खड़े दिखे। पुलिस टीम को देखकर उनके द्वारा मोटर साइकिल स्टार्ट कर भागने का प्रयास लिया लेकिन पुलिस टीम द्वारा दोनों संदिग्धों को मोटर साइकिल सहित घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर उनके द्वारा हुरावली ग्वालियर एवं ग्राम बनौली थाना उटीला का रहने वाला बताया। मोटर साइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया, लेकिन हिकमतअमली से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त मोटर साइकिल स्पलेण्डर प्रो को गणेश मंदिर के पास सब्जी मण्डी मुरार से चोरी करना बताया। पुलिस टीम द्वारा दोनों




वाहन चोरों से गहनता से पूछताछ करने पर उनके द्वारा थाना मुरार क्षेत्र से 04 स्प्लेण्डर मोटर साइकिल तथा थाना इन्दरगंज क्षेत्र से 06 स्प्लेण्डर मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये चोरों की निशादेही पर चोरी की 10 स्पलेण्डर मोटर साइकिल को बरामद कर लिया गया। पकड़े गये शातिर वाहन चोरों के द्वारा उक्त सभी मोटर साइकिलों को करीब 1 माह के अंदर चोरी किया गया है। उक्त चोरों ने अधिकतर थाना इंदरगंज क्षेत्रान्तर्गत न्याय ालय परिसर व आसपास एवं थाना मुरार क्षेत्र के मुरार बाजार से हीरो स्प्लेण्डर कंपनी की मोटर साईकिलों को चोरी किया है। पकड़े गये शातिर वाहन चोर में से एक के खिलाफ थाना मुरार में चोरी के 03 तथा जुआ का 01 प्रकरण पंजीबद्ध है। आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड के संबंध में जानकारी ली जा रही है। पकड़े गये आरोपियों में एक आरोपी पूर्व में थाना बहोड़ापुर क्षेत्र में सेवानिवृत उप निरीक्षक की हत्या में भी वाछिंत रहा है। पकड़े गये आरोपियों से जिले में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में पुलिस रिमाण्ड लेकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

**तरीका वारदात।** उक्त वाहन चोर चोरी की गई मोटरसाईकिल को कोई शक ना करे इसलिये उसका रंग रूप बदल दिया करते थे और मोटरसाईकिलों की टंकी पर फोर्ड कंपनी का स्टीकर लगाकर नम्बर प्लेट को हटा देते थे, जिससे की मोटर साईकिल की कोई पहचान ना हो सके। आरोपीगण मोटर साईकिलों को चोरी करने के व रंग रूप बदल कर मोहनपुर के पास जंगल में छुपाकर धीरे-धीरे गांव में खेती किसानी का काम करने वाले व्यक्तियों एवं अन्य राज्यों से आए हुए मजदूरों को बेच दिया करते थे

बरामद सामान थाना मुरा क्षेत्र की चार तथा थाना इंदरगंज की छै मिलकर सदर वाहन चोरों से 6 मोटरसाइकिल बरामद की की कीमत लाखों में आकी गई है

**सराहनीय भूमिका।** थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय, उनि ब्रहम्मानंद शर्मा, आर0 नीरज यादव, आर0 योगेंद्र सिकरवार, आर0 योगेंद्र गुर्जर, आर0 दिलीप पलिया, आरख राजू मोगिया, आर0 जयहिंद जादौन, आर0 राजेश परिहार, की सराहनीय भूमिका रही।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478